# अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अर्न्तगत कराये जा रहे कार्यो के सम्बन्ध में दिनांक 12.07.2023 को कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांक 12.07.2023 को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अर्न्तगत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), परियोजना प्रबन्धक, कलस्टर हेड एन0सी0सी0 लिमिटेड हरदोई तथा जिला समन्वयक जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी0पी0एम0यू0) उपस्थित रहे समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नवत निर्देश दिये गये–

1- अधोहस्ताक्षरी द्वारा द्वितीय चरण के क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) के कार्यो की समीक्षा की गयी, बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि द्वितीय चरण में क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) के कुल लक्ष्य 92369 के सापेक्ष अब तक 86519 की प्रगति हो चुकी है, मात्र 5850 क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) अवशेष है। बैठक मे उपस्थित परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 व समस्त अवर अभियन्ता जल निगम ग्रामीण व कलस्टर प्रमुखो को निर्देशित किया गया कि अवशेष 5850 क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) को प्रत्येक दशा में 31.07.2023 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– समस्त अवर अभियन्ता, परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 एवं समस्त कलस्टर हेड हरदोई।)**

2. अधोहस्ताक्षरी द्वारा क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) के कार्यो की समस्त अवर अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) व समस्त कलस्टर प्रमुख एन0सी0सी0 की समीक्षा विकास खण्डवार करने पर पाया गया कि क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) के कार्यो में प्रगति लक्ष्य के अनुरूप नही है, बैठक में उपस्थित परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 को निर्देशित किया गया कि मैनपावर बढाते हुए प्रतिदिन 1500 से अधिक क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन (FHTC) का कार्य करना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

3- अधोहस्ताक्षरी द्वारा समीक्षा बैठक में उपस्थित समस्त अवर अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) व एन0सी0सी0 के सभी कलस्टर प्रमुखो को निर्देशित किया गया कि विशेष प्रयास करते हुये प्रत्येक विकास खण्ड के द्वितीय चरण के एक एक ग्राम पंचायतो के पेयजल योजनाओं सम्बन्धी सभी कार्य दिनांक 31.07.2023 तक पूर्ण कराते हुए अवगत कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 एवं समस्त अवर अभियन्ता हरदोई।)**

4- अधोहस्ताक्षरी द्वारा समीक्षा बैठक में उपस्थित जिला समन्वयक जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी0पी0एम0यू0) हरदोई, समस्त अवर अभियन्ता एवं सहायक अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) व परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 को निर्देशित किया गया कि वे समस्त तहसीलो में जाकर उपजिलाधिकारी/तहसीलदार से सम्पर्क स्थापित कर भूमि सम्बन्धी समस्याओ का निराकरण कराये। यदि किसी प्रकार की समस्या या विधिक बाधा उत्पन्न होती है तो अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– समस्त सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0, परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)**

(मंगला प्रसाद सिंह)
जिलाधिकारी
हरदोई।

# कार्यालय जिलाधिकारी, हरदोई।

पत्रांक 2710 / जा-7 0 / 563 दिनांकः 4/8/23

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य विकास अधिकारी, हरदोई।
2. अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, हरदोई को अनुपालनार्थ।
3. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0, हरदोई को अनुपालनार्थ।
4. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, हरदोई को अनुपालनार्थ।

जिलाधिकारी
हरदोई।